हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 30 सितंबर 2025
[नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी]

04 खुलासाः चरित्र पर संदेह कर गुस्से में गला दबाकर कर...



07 इंदिरा आवास योजना के हितग्राहियों ने ऋण राशि...



## खबर संक्षेप

### कोर क्षेत्र मढ़ई वाहन सफारी 11 अक्टूबर से

**नर्मदापुरम।** संचालक सतपुडा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम ने बताया कि सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में पिछले 2-3 दिनों से हो रही तेज बारिश के कारण कोर क्षेत्र के वाहन सफारी मार्ग क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जिससे 1 अक्टूबर से वाहन सफारी शुरू करना संभव नहीं हो पा रहा है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, अभी एक सप्ताह तक बारिश जारी रह सकती है। कोर क्षेत्र मढ़ई, मल्लूपुरा और चूरना में वाहन सफारी 11 अक्टूबर 2025 से शुरू होगी।

### पटाखे अनुज्ञप्ति हेतु आवेदन आमंत्रित

**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश शासन ने दीपावली त्योहार के अवसर पर आतिशबाजी, पटाखे के कब्जे और विक्रय के लिए अस्थाई अनुज्ञप्ति प्राप्त करने की प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया है। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी नर्मदापुरम राजीव रंजन पांडे ने बताया कि अस्थाई आतिसबाजी, पटाखे अनुज्ञप्ति के लिए इच्छुक आवेदनकार्ताओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन ई-सर्विस पोर्टल के माध्यम से आवेदन किए जा सकते हैं। आवेदनकर्ता को आधार कार्ड, वोटर कार्ड, पैन कार्ड, पूर्व लाइसेंस (यदि हो), मोबाइल नंबर, आवेदित स्थल का पता प्रस्तुत करना होगा।

### स्कूल से लौटा 8 वर्षीय बेटा, मां को लटके देखा तो निकल गई चीख

# शासकीय आवास में महिला पटवारी का पंखे से लटका मिला शव, मर्ग कायम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम के बनखेड़ी के सरकारी आवास में सोमवार को महिला पटवारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय घर में कोई नहीं था। शाम 4 बजे शिखा शुक्ला शर्मा के बड़े बेटे अनंत शुक्ला (8) स्कूल से लौटे तो मां का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला।

बेटे की चीख सुनकर पड़ोसी और परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस के आने से पहले ही शव को फंदे से उतार लिया। बनखेड़ी थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी रूम में रखवाया है। पोस्टमार्टम मंगलवार को किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका के पति छत्तीसगढ़ में प्राइवेट नौकरी करते हैं तथा दोनों बच्चे स्कूल में पढ़ते हैं।

**जिले की बनखेड़ी तहसील में सोमवार को एक महिला पटवारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की।**



#### मृतका के पति छत्तीसगढ़ में करते हैं जॉब

थाना पुलिस के अनुसार मृतका शिखा शुक्ला शर्मा (38) पति रामकृष्ण शुक्ला, बनखेड़ी तहसील में पटवारी थीं। उन्हें ग्राम पांजरा कलकुही हल्के का प्रभार था। वे सरकारी आवास में रहती थीं। उनके दो बेटे हैं- अनंत शुक्ला (8) और अर्जित (3)। पति रामकृष्ण शुक्ला छत्तीसगढ़ में प्राइवेट नौकरी करते हैं।

#### मोबाइल पर कई मिस कॉल्स मिली

थाना प्रभारी ने बताया कि मृतका के मोबाइल पर कई मिस कॉल्स मिली हैं। प्रारंभिक जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि सुबह करीब 10 बजे मृतका ने फांसी लगाई। घटनास्थल पर कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



#### स्कूल से घर पर लौटा बेटा तो मां को फांसी पर लटका हुआ पाया

बनखेड़ी थाना प्रभारी विजय सनस ने बताया कि सुबह मृतका का बेटा स्कूल गया था। आमतौर पर शिखा उसे स्कूल से लेने आती थीं, लेकिन सोमवार को नहीं आईं। शाम 4 बजे जब बेटा घर लौटा तो मां फांसी पर लटकी मिली। परिजन ने शव को फंदे से उतारा।

## बिना हेलमेट अब सफर नहीं है आसान, काटे 40 वाहनों के चालान

### यातायात विभाग का सड़क सुरक्षा अभियान जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

परिवहन आयुक्त के निर्देशों के पालन में परिवहन विभाग द्वारा नर्मदापुरम हाइवे पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रिंकु शर्मा के नेतृत्व में प्रभारी संभागीय सुरक्षा स्क्वाड हिमांशु जैन द्वारा सख्ती से कार्यवाही करते हुए विषेश चेकिंग के दौरान लगभग 40 से अधिक दो पहिया वाहनों को रोककर, बिना हेलमेट वाले चालकों के चालान काटे, तथा उन्हें बिना हेलमेट दो पहिया वाहन से यात्रा नहीं करने की समझाइश दी गई। हेलमेट को लेकर विभाग सड़क सुरक्षा माह से ही लगातार कार्यवाही करते हुए आ रहा है माह अगस्त में भी परिवहन विभाग द्वारा हेलमेट को लेकर कार्यवाही की जा रही है।

विभाग द्वारा गत माह से लेकर अभी तक 103 दो पहिया वाहनों पर 30,099/- रुपए की चलानी कारवाही की जा चुकी है साथ ही 6 से अधिक इसके साथ ही परिवहन विभाग द्वारा जन सहयोग के माध्यम से 50 से अधिक हेलमेट का निशुल्क वितरण भी किया जा चुका है।

## पिछले साल जिले में हुई थी 1259.9 मिमी औसत वर्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में 1 जून 2025 से आज दिनांक 29 सितम्बर को प्रातः 8 बजे तक जिले में 1390.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 1259.9 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 28 सितम्बर से 29 सितम्बर 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 9.0 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 9.0 मिलीमीटर, इटारसी 0.0 मिलीमीटर, माखननगर में 6.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 0.0 मिलीमीटर, पिपरिया में 0.0 मिलीमीटर, बनखेड़ी में 2.4 मिलीमीटर, पचमढ़ी में 1.2 एवं तहसील डोलरिया 0.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है



वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 939.80 फीट है, तवा जलाशय का 1166.40 फीट है, बरगी जलाशय का 422.76 मीटर एवं बारना जलाशय 348.47 मीटर दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है सेठानी घाट का अधिकतम जल भराव 967.00 फीट है, तवा जलाशय का अधिकतम जल भराव 1166.00 फीट है, बरगी जलाशय का जल भराव 422.76 मीटर है तथा बारना जलाशय का अधिकतम जल भराव 348.55 मीटर है।

## ट्रेन की चपेट में आया व्यक्ति पुलिस कर रही शिनाख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन से करीब 200 मीटर दूर ट्रेन की चपेट में आने से सोमवार को एक मानसिक विक्षिप्त युवक की मौत हो गई। ट्रेन के लोको पायलट ने घटना की सूचना देने के बावजूद करीब तीन घंटे शव ट्रैक किनारे पड़ा रहा। इस दौरान राहगीरों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया।

सुबह 9 बजे जीआरपी टीम मौके पर पहुंची और शव को उठाया। मृतक की पहचान अभी नहीं हो पाई है। जीआरपी के एएसआई माखन कीर ने बताया कि मृतक मानसिक विक्षिप्त था और रेलवे स्टेशन पर घूमते रहता था। सुबह 6 बजे 19344 पंचवेली एक्सप्रेस छिंदवाड़ा से इंदौर जा रही थी। ओवरब्रिज के नीचे खंभा नंबर 762/34 के पास डाउन ट्रैक पर युवक मृत अवस्था में पड़ा मिला। ट्रेन के लोको पायलट ने स्टेशन प्रबंधक को तुरंत सूचना दी थी। एएसआई माखन ने बताया कि स्टेशन प्रबंधक ने 8 बजे जीआरपी को सूचना दी। इसके बाद सफाईकर्मी और स्ट्रेचर मौके पर पहुंचे। फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है और जांच जारी है।

## श्रीरामलीला महोत्सव का आयोजन जारी, सोमवार को हुआ लक्ष्मण शक्ति लीला का मंचन, आज होगा कुंभकरण वध

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

श्री रामलीला महोत्सव में आज से दशहरे मैदान पर लीलाओं का मंचन प्रारंभ हो गया है जिसमें आज लक्ष्मण शक्ति लीला का मंचन दशहरा मैदान पर हुआ लीला में बताया है कि हनुमान जी सीता जी से मिलकर रावण की सोने की लंका को दहन करके श्री राम को संदेश सुनने के बाद भगवान श्री राम वानर सेवा के साथ लंका पहुंचते हैं और लंका में श्रीराम रावण की सेना के बीच भीषण युद्ध प्रारंभ हो जाता है, मैदानी लीला में बताया कि रावण क्रोधित होकर अपने पुत्र मेघनाथ को युद्ध करने के लिए भेजता है लंका में मेघनाथ से रामादल का संघर्ष होता है, मेघनाद और लक्ष्मण जी के भीषण युद्ध में मेघनाथ उनपर ब्रह्मास्त्र का प्रयोग करता है तो



लक्ष्मण जी मूर्छित हो जाते हैं उन्हें शक्ति लग जाती है श्री राम अपने प्राणप्रिय भाई लक्ष्मण को मूर्क्षित देखकर चिंतित होते हैं श्रीलक्ष्मण के उपचार के लिए हनुमान जी लंका से सुषेण वैद्य को लेकर आते हैं और वैद्य द्वारा बताई गई संजीवन बूटी लेने के लिए हनुमान जी पूरा द्रोणागिरी पर्वत आकाश मार्ग से ले आते हैं।

संजीवन बूटी के उपचार के बाद श्री लक्ष्मण जी तुरंत उठ बैठते हैं। आज की लीला में श्रीराम की प्रतीक दुबे, लक्ष्मण की अक्षय मिश्रा, हनुमान दीपेश व्यास, रावण की सुभाष परसाई, मेघनाद की गोपाल शुक्ला, सुग्रीव की दीपक साहू ने भूमिका निभाई। आज से दशहरा मैदान पर विजयादशमी तक प्रतिदिन लीला का मंचन दिन में 4:30 बजे से सायंकाल 6 बजे तक ही होगा। 30 सितम्बर मंगलवार को कुम्भकरण वध की लीला होगी जिसमें, कुम्भकरण के विशाल पुतले का सायंकाल दहन होगा।

## हाउसिंग बोर्ड को संवारने जुटे जनप्रतिनिधि, 2 करोड़ के विकास कार्यों का हुआ भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगरपालिका परिषद नगर में लगातार विकास कार्यों के सोपान लिख रही है। समूचे नगर में विकास कार्य अनवरत जारी हैं। इसी कड़ी में सोमवार को हाउसिंग बोर्ड कालोनी के वार्ड 15 को संवारने के लिए जनप्रतिनिधिगणों द्वारा दो करोड़ से अधिक की राशि के विकास कार्यों का भूमि पूजन किया गया।

हाउसिंग बोर्ड में राज्यसभा सांसद द्वारा स्वागतद्वार के लिए राशि एवं नगरपालिका को दो टैंकर देने की घोषणा की गई। वार्ड क्रमांक 15 में भूमि पूजन कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ सीताशरण शर्मा, सांसद दर्शन



सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, नपाध्यक्ष नीतू यादव, विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, वार्ड पार्षद सभापति निर्मला हंस राय, मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष विकास नारोलिया, रोहित गौर, पार्षद सभापतिगण सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

राज्यसभा सांसद नारोलिया द्वारा उपस्थित सभी को स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग हेतु शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष नीतू यादव ने कहा कि नवरात्रि के शुभ अवसर पर हम वार्ड 15 में करीब 2 करोड़ से अधिक की राशि के विकास कार्यों का भूमि पूजन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधायक और सांसदद्वय के मार्गदर्शन में लगातार नर्मदापुरम नगर का विकास कर रहे हैं।

## नवरात्रि पर पंडालों में जारी है आयोजन, पहुंच रहे श्रृद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मां भवानी उत्सव समिति, पंचवटी कालोनी फेस 2, नर्मदापुरम में नवरात्रि महोत्सव के अन्तर्गत जगत जननी माता रानी मां भवानी को में अन्नकूट मे छप्पन भोग अर्पित कर, महाआरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित महाआरती में समिति पदाधिकारीयों, भक्तगणों के अलावा आस पास की अन्य कालोनियों के लोगों के द्वारा भी भोग प्रसादी अर्पित की गई। मां भवानी उत्सव समिति पंचवटी नर्मदापुरम के अध्यक्ष प्रभात पांडेय, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश दुबे, पंचवटी कालोनी मेनेजमेंट समिति



अध्यक्ष सविता दुबे एवं अन्य पदाधिकारीयों ने बताया कि नवरात्र महोत्सव पर मां भवानी उत्सव समिति पंचवटी फेस 2 नर्मदापुरम में प्रतिदिन कालोनी एवं आस पास के बालक बालिकाओं ने समिति के द्वारा आयोजित विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक गतिविधियों, कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया गया। दशहरे पर पुरस्कार वितरण, भंडारे का आयोजन किया गया है।

## नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों का राज्यसभा सांसद कार्यालय में हुआ आत्मीय स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भारतीय जनता पार्टी की नवनियुक्त जिला पदाधिकारीयों का राज्यसभा सांसद माया नारोलिया द्वारा सांसद कार्यालय संवाद केन्द्र पर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर नारोलिया ने जिला पदाधिकारीयों का शॉल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्जवल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

नवनियुक्त जिला पदाधिकारीयों में जिला महामंत्री कुंवर सिंह यादव, महामंत्री ज्योति चौरे, मंत्री गोविंद राय, का स्वागत किया गया। राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने अपने संबोधन में कहा कि सेवा ही



संगठन भारतीय जनता पार्टी का मूल मंत्र है। नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए समर्पण के साथ कार्य करना होगा। यह भी कहा कि जनसेवा, ईमानदारी और परिश्रम ही भाजपा कार्यकर्ताओं की पहचान है। इस अवसर पर लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी, क्षेत्रीय विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत, पार्षद निर्मला राय, संभाग कार्यालय प्रभारी हंस राय, पूर्व मंडल अध्यक्ष विकास नारोलिया, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, उमेश पटेल संदेश पुरोहित योगेंद्र राजपूत बूथ अध्यक्ष धर्मेंद्र जाट, योगेन्द्र सोलंकी, अनिल दुबे, विकास साहू, हरी शर्मा, उमेश गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

## कालीबाड़ी में गणेश विवाह, सप्तमी पूजन के साथ हुआ विशाल भंडारा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

समीपस्थ ग्राम रोहना सांवलखेड़ा में प्रस्तावित कालीबाड़ी मंदिर स्थल पर दुर्गा पूजा की धूम है। सोमवार को महासप्तमी की पूजन के साथ ही भगवान गणेश का विवाह सम्पन्न हुआ। इसके बाद पुष्पांजलि कार्यक्रम हुआ। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। सोमवार की कालीबाड़ी दुर्गा पूजा में विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। कालीबाड़ी समिति के अध्यक्ष डॉ आशुतोष शर्मा और सचिव डॉ चंदन मंडल ने बताया कि माता का पूजन बंगाल परंपरा अनुसार किया जा रहा है। सोमवार प्रातः पूजा अर्चना के बाद पुष्पांजलि हुई। शाम को संध्या आरती में बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में मंगलवार को संधि पूजा और बलिदान होगा। इसके बाद भंडारा प्रसादी का आयोजन होगा।

### नवरात्रि में जारी है धार्मिक आयोजनों का सिलसिला

## शहर के अंकिता नगर में देवी पंडाल में हुआ संगीतमय रुद्राभिषेक का आयोजन, अभिषेक करने पहुंचे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर में शारदीय नवरात्रि में श्रद्धालु की धूम मची हुई है। इस साल का उत्सव कई मायनों में खास है, क्योंकि यह पूरे दस दिनों तक मनाया जाएगा, जिसे बहुत ही शुभ माना जाता है। इस बार मां दुर्गा का आगमन हाथी पर हुआ है, जो सुख और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। शहर के अलग-अलग स्थानों पर देवी दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई है।

कलाकारों ने दिन-रात मेहनत करके मूर्तियों को रूप दिया है। हर साल की तरह इस बार अंकिता नगर में भी बड़ी ही धूम धाम से जगत जननी माता महिषासुर मर्दिनी विराजमान हुई है। इन्हें अंकिता नगर की बड़ी महारानी भी कहा जाता है। यहा लगातार माता




की भक्ति में पूरा अंकिता नगर डूबा हुआ है। यहा रोज हजारो की संख्या में श्रद्धालु आरती में शामिल होते हैं। इसके साथ ही बड़े ही धूमधाम से रोजाना आरती के बाद प्रसाद वितरण किया जाता है। देवी पंडाल में रोजाना नए-नए आयोजन भी किए जाते हैं। यहां पर कन्या पूजन के साथ ही छोटी कन्याओं द्वारा गरबा एवं भजन प्रतियोगिता कराई जाती है। इसके अलावा आज मां भवानी दुर्गा उत्सव समिति के आचार्य पंडित घनश्याम शर्मा जी द्वारा भव्य रूप में भगवान शिव का संगीतमय रुद्र अभिषेक कराया गया। लोग पहुंचे और भगवान का रुद्र अभिषेक किया। इसके इसके बाद भगवान शिव की भस्म आरती में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। रोजाना विभिन्न प्रकार का प्रसाद वितरण पंडाल में किया जाता है। नवरात्रि के दौरान शहर में शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। शहर के सभी प्रमुख चौराहों और पंडालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। पुलिस ने साफ कर दिया है कि उपद्रवियों पर विशेष नजर रहेगी और किसी भी तरह की अराजकता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## माता महाकाली के दर्शन करने उमड़ा भक्तों का हुजूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शारदीय नवरात्र पर नगर के सुधार न्यास कॉलोनी स्थित मां शारदा काली मंदिर आईटीआई में प्रतिवर्षानुसार की तरह इस वर्ष भी माता महाकाली की आकर्षक और मनोहारी भव्य प्रतिमा विराजित की गई है। मंदिर समिति संयोजक सोमेश मिश्रा ने बताया कि माता महाकाली की स्थापना के साथ श्री माता शतचंडी महायज्ञ का 9 दिवसीय आयोजन माँ शारदा काली मंदिर प्रांगण में चल रहा है। जिसमें यज्ञाचार्य पंडित यशवंत पारासर महाराज द्वारा प्रातः 8 से दोपहर 12 एवं दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक श्री माता शतचंडी महायज्ञ कराया जा रहा है।

इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं एवं महायज्ञ का पुण्य प्राप्त कर रहे हैं। पंचमी से दशहरा तक महाकाली की विगत 23 वर्षो से जल रही अखंड ज्योत के दर्शन भी सभी



श्रद्धालुओं को कराए जा रहे हैं। 9 दिवसीय नवरात्र पर अनेक कार्यक्रम माता के दरवार में कराए जा रहे है। जिसमे मैया के जस, देवी जागरण, भजन, कन्या पूजन, सस्त्र पूजन, पूर्णआहुति, भंडारा सहित भव्य चल समारोह का आयोजन रखा गया हैं। माता महाकाली की भव्य आकर्षक प्रतिमा के दर्शन करने के लिए शाम होते ही श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### पानी की टंकी में डूबने से मासूम की मौत

**बैतूल।** भड़ूस गांव में सोमवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां तीन साल की बच्ची अनुष्का बारस्कर की घर में बनी पानी की टंकी में डूबने से मौत हो गई। यह घटना सुबह करीब 11 से 12 बजे के बीच हुई। परिवार वालों के मुताबिक, अनुष्का शौच के लिए घर के अंदर गई थी। जब वह काफी देर तक वापस नहीं लौटी, तो मां और अन्य परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। उस समय उसकी मां घरेलू कामकाज में व्यस्त थी। तलाश करते-करते जब वे टंकी के पास पहुंचे तो बच्ची पानी में डूबी हुई मिली। अनुष्का को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उसे आईसीयू में भर्ती किया, लेकिन गंभीर हालत के कारण इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस हादसे ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। पुलिस ने बच्ची के शव का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में करवाकर परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव में इस घटना के बाद मातम छा गया है।

### 1 अक्टूबर को आयोजित होगा स्वास्थ्य शिविर

**बैतूल।** जिले के भीमपुर ब्लॉक मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 01 अक्टूबर दिन बुधवार को प्रातः 09 बजे से महिलाओं के स्वास्थ्य की विशेष जांच के लिए शिविर आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व.लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती 2 अक्टूबर तक चल रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत किया जा रहा है। स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए यह शिविर महिलाओं के स्वास्थ्य की विशेष जांच एवं परीक्षण के लिए आयोजित किया जा रहा है। खंड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भीमपुर डॉ. दीपक निगवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर में बाहर से आमंत्रित विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की जाएगी। डॉ. दीपक निगवाल ने विकास खंड भीमपुर के अंतर्गत आने वाले सभी ग्रामों की महिलाओं से अपील की है कि वे इस शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराएं और अभियान को सफल बनाएं।

### कलेक्टर ने आदतन अपराधी को किया जिला बदर

**बैतूल।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट बैतूल नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने आदतन अपराधी सतीश उर्फ गोटा को जिला बदर किया है। राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (क) एवं (ख) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर ने सतीश उर्फ गोटा पिता मनमोहन कटारे उम्र 33 वर्ष निवासी शाहपुर को जिला बैतूल एवं उससे लगे सीमावर्ती जिले छिंदवाड़ा, नर्मदापुरम, खण्डवा एवं हरदा की राजस्व सीमाओं से 01 एक वर्ष की अवधि के लिए निष्कासित किया हैं।

### पुलिस ने हत्या की गुत्थी सुलझाई, आरोपी गिरफ्तार

# खुलासा: चरित्र पर संदेह कर गुस्से में गला दबाकर कर दी महिला की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



थाना कोतवाली पुलिस ने महिला की हत्या के प्रकरण का 24 घंटे के भीतर खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 24 सितंबर को थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत बारस्कर कॉलोनी (पुराना पारदीढाना) स्थित एक झोपड़ी में महिला का शव बरामद हुआ। मृतका की पहचान सुनीता पति रामसिंह सरियांम, उम्र लगभग 40 वर्ष, निवासी ग्राम चांदबेहड़ा थाना चिचोली के रूप में हुई।

सूचना पर थाना प्रभारी कोतवाली सत्यप्रकाश सक्सेना तत्काल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना देकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी, एसडीओपी बैतूल सुनील लाटा, डीएसपी सैफा सफा हाशमी एवं सीन ऑफ क्राइम यूनिट प्रभारी निरीक्षक आबिद अंसारी द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य संकलित किए गए। जांच के दौरान ज्ञात हुआ कि मृतका अपने पति की मृत्यु के बाद अजय भारती उर्फ संजू पिता झीनू भारती निवासी ग्राम चंदनवाड़ा, जिला छिंदवाड़ा के साथ बारस्कर कॉलोनी में रह रही थी। दोनों मजदूरी कर जीवनयापन करते थे तथा शराब पीने के आदी थे। 22 सितंबर की शाम दोनों में विवाद हुआ। संजू ने पत्नी सुनीता के चरित्र पर संदेह कर गुस्से में उसका गला दबाकर हत्या कर दी तथा घटनास्थल से फरार हो गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं जांच में हत्या की पुष्टि होने पर थाना कोतवाली में धारा 103(1) बीएनएस पंजीबद्ध किया गया। पुलिस ने मात्र कुछ ही घंटों में आरोपी अजय भारती उर्फ संजू को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही, आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली में पूर्व से लंबित स्थाई वारंट की भी तामीली की गई है। इस प्रकरण का खुलासा एवं आरोपी की गिरफ्तारी में निम्न पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की सराहनीय भूमिका रही।

## लूट के प्रयास प्रकरण में एक अन्य फरार आरोपी गिरफ्तार



**बैतूल।** लूट के प्रयास के प्रकरण में फरार एक अन्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 26 सितंबर की रात्रि फरियादी मयंक सोनी पिता संतोष सोनी उम्र 21 वर्ष निवासी गायत्री एक्वा के सामने, गांधी चौक मुलताई अपने साथी मानस चंदेल और करण पवार के साथ घर जा रहे थे। इस दौरान पुरानी अशोक टाकीज के सामने 4 अज्ञात व्यक्ति 2 स्कूटियों पर उनका पीछा कर रहे थे। फरियादी द्वारा पूछताछ करने पर आरोपियों ने उन्हें धमकाने का प्रयास किया। एक आरोपी ने रॉड से हमला करने की कोशिश की, जबकि दूसरे ने कट्टा दिखाया। फरियादी के शोर मचाने पर मोहल्लेवासी व पुलिस मौके पर पहुंचे, तब आरोपीगण सफेद रंग की एक्सेस स्कूटी छोडक़र मौके से फरार हो गए। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना मुलताई में धारा 309(5), 312 बीएनएसएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पूर्व में 02 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय प्रस्तुत किया जा चुका था, शेष फरार आरोपियों की तलाश जारी थी।

## अवैध गांजा की खेती पर कार्रवाई 1700 पौधे जब्त, आरोपी गिरफ्तार



**बैतूल।** आठनेर पुलिस ने गांजा की अवैध खेती का पर्दाफाश किया है। इस मामले में पुलिस ने 1700 पौधे जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 27 सितंबर को थाना आठनेर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बरखेड में आरोपी रामकिशोर पिता मन्नु उइके (उम्र 53 वर्ष, निवासी बरखेड, थाना आठनेर) अपने खेत में मक्का व तुअर की फसल के बीच अवैध रूप से गांजे की खेती कर रहा है। सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर थाना प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र सिंह परिहार के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और खेत की तलाशी ली। मौके पर आरोपी के खेत से छोटे-बड़े कुल 1700 गांजा के पौधे (कुल वजन लगभग 74 किलो) बरामद किए गए। आरोपी रामकिशोर पिता मन्नु उइके (53 वर्ष) निवासी ग्राम बरखेड, थाना आठनेर को मौके से गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध विधिक कार्यवाही की गई है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी आठनेर निरी. नरेंद्र सिंह परिहार, उनि मांगीलाल ठाकरे, सउनि दिनेश धुर्वे, सउनि संतोष चौधरी, प्र.आर पंकज बटके, आऱ. मनीष पटेल, आऱ. बीरबल मीणा, आऱ. प्रवीण, आऱ. दिनेश, आर. भीम चंचल, महिला आऱ. कंचन चौरे एवं श्वेता की सराहनीय भूमिका रही।

## छात्रावास में सीढीयों से गिरा छात्र, इलाज के दौरान मौत, एकलव्य आवासीय विद्यालय छात्रावास जामझिरी की घटना



*बैतूल। भैंसदेही क्षेत्र में जामझिरी के एकलव्य आवासीय विद्यालय में रविवार रात छात्रावास की सीढियों से गिरे छात्र की सोमवार को भोपाल एम्स में मौत हो गई। सिर में तेज चोट लगने की वजह से उसे रविवार को जिला अस्पताल लाया गया था, जहां प्राथमिक उपचार के बाद छात्र को भोपाल के एक्स हॉस्पीटल रेफर किया था। यहां उपचार के दौरान छात्र की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 7 में पढने वाला साहित्य छात्रावास की चौथी मंजिल से बाथरूम जाने के बाद लौट रहा था, तभी हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि ऊंचा बरारी का रहने वाला साहित्य परते अपने बड़े भाई के साथ छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रहा था। थाना प्रभारी सरविंद धुर्वे ने बताया कि छात्र तीसरी मंजिल से दूसरी मंजिल की ओर आ रहा था और आशंका है कि रेलिंग से नीचे गिर गया। घटना का कोई चश्मदीद नहीं है। सीसीटीवी फुटेज में भी स्पष्ट कुछ नहीं दिखा। अन्य छात्रों ने उसे गिरा पड़ा देखा, तब घटना की जानकारी मिली। सिर में आई गंभीर अंदरूनी चोट उसकी मौत का कारण बनी। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त विवेक जैन ने पुष्टि की कि छात्र का शव भोपाल से लाया जा रहा है और परिजनों को आर्थिक सहायता दिलाने के लिए प्रकरण तैयार कर दिल्ली भेजा जाएगा।*

### ट्रस्ट ने बकाया वसूली की दी सूचना

## मंदिर पुर्ननिर्माण के लिए दुकानदार खाली करें दुकानें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले के सबसे बड़े धार्मिक ट्रस्ट श्रीराम मंदिर, श्री शिव मंदिर, श्री राधाकृष्ण मंदिर, श्री छोटा राम मंदिर, एकीकृत ट्रस्ट बैतूल के संचालक मंडल की बैठक श्री छोटे राम मंदिर में कल हुई। बैठक में ट्रस्ट के विभिन्न मंदिरों के संबंध में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए जिसमें श्री राम मंदिर के पुर्ननिर्माण की तैयारी के संबंध में विचार किया गया। इसके अलावा ट्रस्ट के शिव मंदिर के पुर्ननिर्माण पर चर्चा हुई।

बैठक में ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष डॉ. कांत दीक्षित, सचिव नवनीत गर्ग, ट्रस्टी रंजीत शिवहरे, ट्रस्टी जगमोहन खण्डेलवाल, ट्रस्टी विनेंद्र वैद्य, ट्रस्टी राम भार्गव, ट्रस्टी रामानुज माहेश्वरी, ट्रस्टी मनीष खण्डेलवाल, ट्रस्टी अंबेश बलवापुरी, ट्रस्टी नीलेश कुमार अग्रवाल एवं ट्रस्टी प्रवीण गर्ग उपस्थित रहे। बैठक के उपरांत सभी ट्रस्टियों ने बड़े श्रीराम मंदिर एवं श्री शिव मंदिर का निरीक्षण किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल ने बताया कि श्रीराम मंदिर प्रांगण में भूतल एवं प्रथम तल पर कई दुकानें बनी हुई हैं जो जर्जर स्थिति में पहुंच गई है। नगर पालिका परिषद द्वारा भी इन दुकानों को जर्जर भवनों की सूची की श्रेणी शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी दुकानदारों को दुकान खाली कर मंदिर ट्रस्ट को चाबी सौंपने का कहा गया है। इसके अलावा श्री शिव मंदिर में भी पुर्ननिर्माण के लिए दुकानदारों से बात की जा रही है। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष डॉ. कांत दीक्षित ने बताया कि ट्रस्ट के पार्वती भवन के कुछ किरायेदार लगभग 10 वर्ष से किराया नहीं दे रहे हैं। जिनको कई बार सूचित किया जा चुका है। वहीं विभिन्न मंदिरों के कई दुकानदार 2019 से ट्रस्ट को किराया नहीं दे रहे हैं। वहीं कुछ दुकानदार 2023 से भी किराया देने में आनाकानी करते रहे हैं। जिसके लिए ट्रस्ट के कर्मचारी कई बार इन दुकानदारों से किराया राशि भुगतान करने का आग्रह कर चुके हैं लेकिन दुकानदारों द्वारा किराया देने में रूचि नहीं दिखाई दे रही है। श्री दीक्षित ने बताया कि इस संबंध में ट्रस्ट द्वारा निर्णय लिया गया है कि ऐसे सभी डिफाल्टर दुकानदारों को 7 दिन की अवधि का पत्र भेजा जा रहा है। यदि इस अवधि में किराया भुगतान नहीं किया गया तो सभी ऐसे बड़े बकायादारों के नाम सार्वजनिक किए जाएंगे एवं होर्डिंग और विज्ञापन के जरिए भी किराए की वसूली का प्रयास किया जाएगा।

## हादसे में युवक की मौत महिला और बेटा गंभीर

बैतूल। बैतूल-सारणी स्टेट हाईवे पर रविवार रात एक बाइक और स्कूटी की आमने-सामने की टक्कर में 18 वर्षीय अरुण इवने की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में स्कूटी सवार एक महिला और उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। जांच अधिकारी एएसआई संतराम ने बताया कि रेखा यादव (45) और उनके बेटे सुधांशु यादव (21) स्कूटी पर सवार होकर बैतूल से पांढरा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से तेज रफ्तार में आ रही दूसरी बाइक, जिस पर अरुण इवने और सनोज कुमरे सवार थे, उनकी स्कूटी से टकरा गई। बताया गया है कि अरुण के साथ बाइक पर एक अन्य व्यक्ति भी था, जिसने शराब पी रखी थी। टक्कर के बाद वह घायल होने के बावजूद अस्पताल से फरार हो गया। हादसे में अरुण के साथी सनोज कुमरे को कोई चोट नहीं आई। घायल रेखा यादव और सुधांशु यादव को गंभीर हालत में इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## शिविर में 43 लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा



देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा मंडल भौंरा द्वारा लायंस क्लब भौंरा के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिला चिकित्सालय बैतूल से आई टीम ने आकर यहां रक्त दाताओ से रक्त लिया। इस दौरान 43 महिला पुरुषो ने रक्तदान किया। लायंस क्लब के संतोष नायक ने बताया की रक्तदान शिविर में स्थानीय विधायक गंगा सज्जन सिंह उइके ने शामिल होकर रक्तदाताओ को प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर रक्तदान करने के लिए बधाई दी। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य बिलकिस बारसकर, सरपंच मीरा धुर्व, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिरोठिया ने भाजपा के सेवा सप्ताह के तहत आयोजित रक्तदान शिविर में समाज सेवी संस्था लायंस क्लब के सहयोग से आयोजित किए गए रक्तदान करने आए सभी लोगों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन डी पी मिश्रा प्रथम उपाध्यक्ष लायन कमल सिंह मर्शकोले, अशोक अग्रवाल,राजेंद्र सिरोठिया, दिनेश गोयल,राकेश साहू, राजेंद्र साहू, संजय शुक्ला, प्रेम उदयपुरे, दीनदयाल पाटनकर, श्रीपत वर्मा,चिंटू संतोष नायक, प्रीतपाल सिंह जुनेजा सहित क्लब के अन्य सदस्य एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,आयुर्वेद ओषधालय की टीम सहित डॉ. महेश पाटनकर सालीमेंट सरपंच वीरेन्द बारसकर,भाजपा मंडल भौंरा के पदाधिकारी एवं पत्रकार के पी अग्निहोत्री, पुलिस चौकी प्रभारी नीरज खरे विशेष रूप से उपस्थित थे।

### 125 हितग्राहियों ने लिया हिस्सा

## सेवा पखवाड़े के तहत दिव्यांगजन सशक्तिकरण शिविर आयोजित



**मुलताई।** सेवा पखवाड़े के तहत सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा वयोश्री योजना शिविर का आयोजन सामुदायिक भवन कामथ मुलताई में किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गडेकर, कामथ सरपंच पुष्पा जीतू डहारे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की उपस्थिति में आयोजित इस शिविर में वृद्धजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए चिन्हित किया गया। सामुदायिक भवन में आयोजित शिविर में नगर पालिका परिषद मुलताई नगर पालिका परिषद आमला एवं जनपद पंचायत मुलताई प्रभात पट्टन एवं आमला के सभी कुल 125 हितग्राही सम्मिलित हुए। शिविर में सभी वृद्ध जनों का परीक्षण किया गया जिसमें चिन्हित सभी को जबलपुर की संस्था द्वारा निशुल्क सहायक उपकरण वितरण किए जाएंगे, उल्लेखनीय तथ्य है कि मुलताई, पट्टन, आमला तहसील की सभी प्रमुख सार्वजनिक संस्था जनपद एवं नगर पालिकाओं को मिलाकर होने वाले इस शिविर मे मात्र 125 हितग्राही ही शिविर ही शामिल हो सके। जानकार बताते हैं कि अगर मुलताई नगर पालिका क्षेत्र एवं कामथ ग्राम पंचायत के हितग्राहियों को हटा दे तो यह शिविर औपचारिकता मात्र रहा है। अगर मुलताई, पट्टन ,आमला तीन जनपद इस महत्वपूर्ण शिविर का समय रहते प्रचार प्रसार करते तो उपलब्ध संख्या से बहुत अधिक लोग इस शिविर का लाभ उठा पाते।

### शारदेय नवरात्र में प्रतिदिन हो रही माता की आराधना

## बैतूल में देश का दूसरा छिन्न मस्तिका माता मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर पूरे जिले में हर्षोल्लास का माहौल है। इसी क्रम में बैतूल शहर ने धार्मिक दृष्टि से ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। सदर क्षेत्र में काशी तालाब के बाजू में देश का दूसरा श्रीश्री सिद्ध दसमहा विद्या छिन्न मस्तिका माता मंदिर भव्य आराधना और मंत्रोच्चार के बीच विधिवत रूप से कई वर्ष पूर्व स्थापित किया गया था।

सोमवार को शुरू हुए शारदेय नवरात्र में श्रद्धालु बडी संख्या में प्रतिदिन उपस्थित हो रहे हैं और छिन्न मस्तिका माता के अद्भुद रूप के दर्शन कर रहे हैं। मंदिर के व्यवस्थापक पं. आनंद अग्रवाल ने बताया कि इसके पूर्व झारखंड की राजधानी राची से लगभग 80 किमी की दूरी पर रामगढ जिले में रजरप्पा में छिन्न मस्तिका माता का मंदिर वर्षो पूर्व स्थापित हुआ था जिसका काफी महत्व है और इसे दुनिया में असम के कामख्या मंदिर के बाद सबसे बड़ा शक्ति पीठ के रूप में पूजा जाता है। श्री अग्रवाल ने बताया कि बैतूल में यह दूसरा मंदिर है, जो मां शक्ति की दुर्लभ और अद्भुत उपासना का केंद्र बनेगा। मंदिर समिति से जुड़े अनिल पाखरे एवं कंचन साहू ने बताया कि छिन्न मस्तिका माता को तंत्र साधना और शक्ति आराधना का प्रतीक माना जाता है। पौराणिक मान्यता है कि राक्षसों और असुरों का संहार करने के लिए माता ने अपने ही मस्तक का त्याग कर ब्रह्मांड की रक्षा की थी। उनकी यह लीला पराक्रम, साहस और आत्मबल का संदेश देती है। मंदिर समिति के जित्तू साहू और गुलशन बतरा ने बताया कि नवरात्रि में प्रतिदिन विशेष पूजा-अर्चना और अनुष्ठान होंगे। नवमी के दिन भव्य हवन एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। मंदिर निर्माण में स्थानीय श्रद्धालुओं का विशेष योगदान रहा है। धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संगठनों ने मिलकर इस अनूठे शक्ति मंदिर को साकार रूप दिया है।

## राजयोगिनी अवधेश दीदी की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**सारनी।** अंतरराष्ट्रीय आध्यात्मिक शिक्षण संस्थान प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के मध्यप्रदेश भोपाल क्षेत्र की अध्यक्षा एवं राजयोगा एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के प्रशासक सेवा प्रभाव की राष्ट्रीय अध्यक्षा राजयोगिनी अवधेश दीदी ने 19 सितंबर को ब्रह्ममुहूर्त में अपने 75 वर्ष की आयु में हृदयाघात से भौतिक देह को त्याग कर ईश्वर की शरण ली। दीदी के देहावसान के पश्चात समस्त भारतवर्ष में ब्रह्माकुमारीज के लगभग 6000 सेवा केंद्र पर श्रद्धांजलि सभा तथा भोग के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी कड़ी में ब्रह्माकुमारीज के पाथाखेड़ा सेवा केंद्र पर भी श्रद्धांजलि सभा तथा भोग का कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें 100 से अधिक ब्रह्माकुमारीज़ के सदस्यों ने हिस्सा लिया और दीदी को श्रद्धांजली अर्पित की। इस आयोजन में ब्रह्माकुमारी सुनीता दीदी ने राजयोगिनी अवधेश दीदी के साथ के अपने जीवन अनुभव साझा करते हुए उनकी विशेषताओं और शिक्षाओं को अपने जीवन में अनुकरण करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सतपुड़ा ताप विद्युत गृह के सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर एस एस ठाकुर, ब्रह्माकुमारी शारदा, बी के भारती, बी के स्मृति, बी के तरुण मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### ई-ऑफिस में लापरवाह अधिकारियों का रुकेगा वेतन

## क्षतिग्रस्त सड़कों की शीघ्र मरम्मत कराएं: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



सभी सडक़ निर्माण संबंधी विभाग और एजेंसी जिले में बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुई सडक़ों की शीघ्र मरम्मत कराएं। यह निर्देश कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित समय सीमा की बैठक में लोक निर्माण विभाग, एमपीआरडीसी, पीएमजीएसवाई इत्यादि विभागों के जिला अधिकारियों को दिए।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सडक़ों पर निराश्रित मवेशी न बैठे, सभी जनपद सीईओ और सीएमओ अपने क्षेत्र में निराश्रित मवेशियों पर प्रभावी अंकुश लगाएं। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने निर्देश दिए शासन की मंशानुरूप किसानों के हित में प्रारंभ भावांतर योजना का गंभीरता से क्रियान्वयन किया जाए। योजना के क्रियान्वयन के लिए निगरानी समिति का गठन किया जाएं। योजना में जिला स्तर पर नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर तथा सहायक नोडल उप संचालक कृषि होंगे। इसी प्रकार सभी पांचों अनुविभागों में संबंधित एसडीएम नोडल और सहायक नोडल कृषि विस्तार अधिकारी होंगे। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने जनपद लेवल पर ई ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन विभागों के द्वारा ब्लॉक स्तर पर ई ऑफिस का उपयोग नहीं किया जा रहा हैं, उन सभी विभागों के आहरण संवितरण अधिकारी और ब्लॉक स्तरीय अधिकारी का वेतन आहरण नहीं किया जाएगा। इसी प्रकार ई ऑफिस में कम प्रगति वाले जिला अधिकारियों का वेतन भी आहरण नहीं किया जाएगा।

उन्होंने सभी एसडीएम को संबल योजना में अपील के लंबित आवेदनों का शत प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया कि नामांतरण, बंटवारा इत्यादि राजस्व प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाएं। उन्होंने भुगतान संबंधी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा कर भुगतान के लंबित आवेदनों का गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश सम्बन्धी जिला अधिकारी को दिए। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन की सतत मॉनिटरिंग कर शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण कराने के निर्देश सभी जिला अधिकारियों को दिए।

## विद्यार्थी इलेक्ट्रिशियन व्यवसाय की बारीकियों से अवगत हुए



**मुलताई।** तकनिकी कौशल विकास के तहत ग्राम रायआमला एवं दुनावा के पीएमश्री शासकीय विद्यालयों के सैकडों विद्यार्थियों ने आज वर्धमान आईटीआई पहुंचकर तकनिकी शिक्षा के संबंध में जानकारी ली। तकनिकी क्षेत्र के भ्रमण पर वर्धमान आईटीआई पहुंचे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायआमला एवं पीएमश्री विद्यालय दुनावा के लगभग 100 विद्यार्थियों ने वर्धमान आईटीआई में संचालित इलेक्ट्रिशियन, कम्प्युटर व्यवसाय के संबंध में जानकारी ली। वर्धमान आईटीआई के संचालक अरूण यादव ने बताया कि समय समय पर स्कूल में व्यवसायिक शिक्षा कार्यक्रम में पंजीकृत विद्याथियों को औद्यौगिक क्षेत्रों का भ्रमण कराया जाता है। जिसके तहत नगर की सर्वसुविधायुक्त वर्धमान आईटीआई में प्रतिवर्ष स्कूली विद्यार्थियों का भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस दौरान आईटीआई के अनुभवी अनुदेशकों द्वारा विद्यार्थियों को समस्त प्रकार की व्यवसायिक जानकारी दी जाती है। जिससे विद्यार्थियों के औद्यौगिक ज्ञान में वृद्धि हो। उक्त भ्रमण कार्यक्रम के तहत इलेक्ट्रिशियन ट्रेड के अनुदेशक सतीष खंडाग्रे, सुनील पठाडे एवं कोपा अनुदेशक रूचि बारस्कर ने विद्यार्थियों को तकनिकी बारीकियों से अवगत कराया।

## एकता उत्सव समिति ने किया भजन का आयोजन



**पिपरिया।** जनपद पंचायतकी ग्राम पंचायत खापरखेड़ा केजागरूक सरपंच सुलभगोदानी सचिव प्रदीप पांडे रोजगार सहायक के द्वारा बताया गया कि कौमी एकता भक्ति संत महापुरुष एवं राष्ट्र पर आधारित भजन की प्रस्तुति के कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सभी वर्ग के लोगोंने हिस्सा लिया। सरपंच की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें 8भजन मंडल ने भाग लिया प्रथम पुरस्कार 5100रुपे विष्णु मंडल डूमर तथा दूसरा पुरस्कार 3109रुपे हरिओम मंडल मेहरागांव,तीसरा पुरस्कार रेवा मंडल सर्रा तथा अन्य सभी को प्रोत्साहित करते हुए 1100रुपे के मान से सभी मंडलों को प्रदान किया गया। आभार उपसरपंच इबादत अली ने किया। सहित अन्य सभी शामिल हुए।

## नप में शुरू हुई बायोमैट्रिक अटेंडेंस

**सोहागपुर।** सोहागपुर नगर परिषद



में कर्मचारियों की अटेंडेंस अब आधार इनेबल्ड तथा फेस बेस्ड होगी। जिसमें मशीन पर आधार नंबर पंजीकृत हुए हैं। नियमित ही कर्मचारी का चेहरा अटेंडेंस मशीन का फ्रंट कैमरा देखेगा, उसके बाद ही कर्मचारी की उपस्थिति मान्य होगी। प्रशिक्षण भी कर्मचारियों को दिया जा चुका है तथा फेस बेस्ड अटेंडेंस प्रारंभ हो चुकी है।

## बजरंग दल ने किया शस्त्र पूजन कार्यक्रम

**सोहागपुर।** बजरंग दल द्वारा विजयादशमी के पावन अवसर पर रविवार को शस्त्र पूजन कार्यक्रम किया गया है। आयोजन में संतोष सराठे ने उद्बोधन में शास्त्रों व शस्त्रों के महत्व बावत कार्यकर्ताओं को जानकारी दी। कार्यक्रम में बजरंग दल प्रांत सुरक्षा प्रमुख श्रीकांत पटेल, जिला मंत्री महेंद्र साहू, जिला संयोजक रोहित ठाकुर, जिला सह संयोजक रूपेश रघुवंशी आदि उपस्थित रहे।

### कलेक्टर के नाम एसडीएम को सौंपा ग्रामीणों ने ज्ञापन

# इंदिरा आवास योजना के हितग्राहियों ने ऋण राशि माफी करने की रखी मांग

सोहागपुर जपं क्षेत्रांतर्गत वर्ष 2012-13 के मुख्यमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों ने ऋण माफी की मांग की है। उक्ताशय का मांग पत्र ग्रामीणों ने सोमवार को नर्मदापुरम् कलेक्टर के नाम सोहागपुर एसडीएम प्रियंका भल्लावी को सौंपा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर जपं क्षेत्रांतर्गत वर्ष 2012-13 के मुख्यमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों ने ऋण माफी की मांग की है। उक्ताशय का मांग पत्र ग्रामीणों ने सोमवार को नर्मदापुरम् कलेक्टर के नाम सोहागपुर एसडीएम प्रियंका भल्लावी को सौंपा है।

कलेक्टर नर्मदापुरम् के नाम सौंपे गए आवेदन में ग्रामीणों ने उल्लेख किया है कि सभी सोहागपुर ब्लॉक के निवासी हैं। तथा वर्ष 2012-13 में मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत इन्होंने आवास निर्मित किए थे। जिसके लिए शासन स्तर पर राशि नियमानुसार दी गई थी। तथा कुछ अंशदान ग्रामीणों का भी था।

### हितग्राहियों का कहना बैंक से भी लिया है ऋण

अंशदान की राशि आवेदकों ने आवास निर्माण में लगाकर काम किया तथा इसके लिए बैंक से लोन भी लिया। सभी आवेदकों की आर्थिक स्थिति कमजोर है तथा वर्ष 2012-13 की स्थिति में स्वीकृत आवास योजना के कई हितग्राहियों की मृत्यु हो चुकी है।

### अतिवृद्ध हितग्राहियों को हो रही परेशानी

इसके कारण अंशदान की राशि चुकाने में हितग्राहियों के परिजनों को बहुत परेशानी हो रही है। कई हितग्राही जीवित जरूर हैं लेकिन अतिवृद्ध होने के कारण मजदूरी नहीं कर पा रहे हैं तथा धन उपार्जन भी नहीं हो पा रहा है। आवेदन में उल्लेख है कि संबंधित हितग्राहियों से सरकार द्वारा प्रदत्त आवास योजना की राशि की वसूली ना की जाए तथा जो भी ऋण है उससे हितग्रहियों अथवा मृत हितग्राहियों के परिजनों को मुक्त किया जाए। इस दौरान इकलेश ठाकुर, गंगाराम, विनोद, शिवदयाल मेहरा, रामगोपाल, रघुनाथ, गंगाराम, कैलाश, रहीस, हरकिशन, रामदयाल, मुकेश, लखनलाल, तुलसीराम व अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# पचमढ़ी के रहवासी क्षेत्र में वन्य जीवों की बढ़ी मौजूदगी

### नागरिकों ने एसटीआर को सौंपे आवेदन



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

बाबू लाईन सिविल एरिया आवासीय क्षेत्र में विगत कुछ दिनों पहले तेंदुए के विचरण की सीसीटीवी फ़ुटेज देखी गई । पिछले सप्ताह शाम के समय तेंदुए ने बाबू लाईन क्षेत्र में कुत्ते को अपना शिकार बनाया था । हाल ही में पुनः तेंदुए को रहवासियों द्वारा सुबह तड़के के समय शासकीय आवास परिसर के आस पास भ्रमण करते देखा है ।

यह तेंदुआ बकरी एवं कुत्तों को अपना शिकार बना चुका है । भविष्य में तेंदुए द्वारा इंसानों पर हमले एवं किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना ना हो सके इसकी रोकथाम के इंतजाम के लिये समाजसेवी अशोक मांडले, इतिहास गायकवाड़, शशिकांत जायसवाल, मोहित मिश्रा, राजीव श्रीवास, ललित अहिरवार, प्रवीण, पवन यादव, दुबेजी इत्यादि ने राखी नंदा, फील्ड डायरेक्टर, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम संभाग के नाम अनुविभागीय अधिकारी वन विभाग एसटीआर पचमढ़ी को जनहित में ज्ञापन दिया जिसमे उल्लेखित है कि बाबू लाइन सिविल एरिया आवासीय परिसर में कंटीले तार की फेंसिंग लगाई जावे ताकि जंगली जानवर आवासीय क्षेत्र में घुस ना सकें और जानमाल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके ।

इसके साथ ही दूसरा ज्ञापन मुख्य कार्यपालन अधिकारी, विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण पचमढ़ी को भी दिया है जिसमे मांग की गई है कि साडा क्षेत्र बाबू लाईन आवासीय परिसर में भयानक झाड़िया है जिसमे जंगली जानवर एवं विषेले जीव जंतु के छुपने की आशंका बनी रहती है इसलिए इस क्षेत्र की विशेष साफ़ सफाई कराई जाये एवं आस पास स्ट्रीट लाइट के पुख्ता इंतजाम किए जायें ।

# पालीवाल समाज मातृशक्ति समूह ने किया कन्यापूजन का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नवरात्र पर्व दौरान 'बेटी दिवस' पर पालीवाल समाज की मातृ शक्ति द्वारा पालीवाल मंदिर सोहागपुर में रविवार शाम एक आयोजन किया गया। विशिष्ट आयोजन में सभी कन्याओं पूजन कर उन्हें पाठ्य सामग्री सम्मान स्वरूप प्रदान की गई। इस दौरान बृजेश पालीवाल संरक्षक, राम पालीवाल, पुष्पा पालीवाल, उमा पालीवाल, मीना पालीवाल, आरती पालीवाल, रजनी पालीवाल, रानी पालीवाल, ज्योति पालीवाल, निशा पालीवाल व अन्य सामाजिक महिलाएं उपस्थित थीं। आयोजन में प्रदेश मंत्री आरती पालीवाल की विशेष उपस्थिति रही। वहीं आयोजन में प्रदेश संगठन मंत्री वर्षा पालीवाल ने कहा कि हमारे समाज में बेटियां होना हमारा सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि आज बेटियों को सुरक्षित रखने की जवाबदारी हम सभी की है। आज के परिवेश में बेटियों को सुनने और गुनने की आवश्यकता है। वर्षा पालीवाल ने कहा कि मां सबसे सच्ची मित्र होती है।

## नम्रता ठाकुर ने प्रबंध संकाय से प्राप्त की पीएचडी उपाधि



**शोभापुर।** नम्रता ठाकुर शोभापुर ने रामकृष्ण धर्मार्थ फाउंडेशन विश्वविद्यालय भोपाल से प्रबंध संकाय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। नम्रता के शोध प्रबंध का शीर्षक 'मप्र के चयनित आईटी कंपनियों की महिला पेशेवरों में कार्य-जीवन संतुलन का अध्ययन' था। नम्रता ठाकुर ने यह शोध कार्य प्रोफेसर डॉ. सतेन्द्र एस ठाकुर के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। नम्रता ठाकुर ने शोभापुर में प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त कर हायर सेकेंडरी की शिक्षा सोहागपुर मुख्यालय से प्राप्त की। वर्तमान में नम्रता रामकृष्ण धर्मार्थ फाउंडेशन विवि में प्रोफेसर रूप में अध्यापन कार्य कर रही हैं। डॉ. नम्रता ठाकुर की उपलब्धि पर परिजनों, परिचितों व क्षेत्रवासियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

## शहीद भगत सिंह की जयंती मनाई गई




हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नगर में शहीद भगत सिंह महाविद्यालय में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के दारा शहीद भगत सिंह की जयंती मनाई गई जिसका मुख्य उद्देश्य भगत सिंह के विचारों से बच्चोंको प्रेरितकिया। इस अवसर पर पूर्व जिला सदस्य अरविंद राय पवन वालिया भाजपा महामंत्री सुजीत रघुवंशी एवं अन्यका र्यकर्ताओं के द्वारा विद्यालय के विद्यार्थियों को पाठसामग्री प्रदान की गई जन अभियान परिषद के द्वारा आत्मनिर्भर भारत केनिरमाण को लेकर स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग एवं उनके महत्वको बताया गया। जन अभियान परिषद के द्वारा कक्षाओं काभी शुभारंभकया गया क्षमतानिर्माण एवं सामुदायिक विकासके लिए तैयार करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास बताया। शहीद भगत सिंह के त्याग तपस्या सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने की बात कही गई इस दौरानजन अभियान परिषदके दयाशंकर उमरे खूबचंद रघुवंशी पनारी सरपंच प्रीतम सिंह पुरबिया देवेंद्र पटेल बृजेशप्जापति स्वदेशी वस्तु अपनानेदियागया तथा उनका महत्व बताया गया वक्ताद्वारा कहां गया कि रोजगार को बढ़ाने के लिए सशक्त कम है इस दौरान कक्षाकाशुभारंभ किया गया। कालेज परिवार के सभी अधिकारी कर्मचारी छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# कलेक्टर ने की स्कूलों की जांच विर्सजन स्थल का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत हथवास में विगत दिनों में प्राचार्य के द्वारा पी, एम श्री स्कूल टीचर को ग़लत मैसेज भेजा गया था।जिसकी शिकायत दर्ज कराई गई थी। जांचकर्ताओं ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है लेकिन कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना ने विद्यालयका निरीक्षण किया गया। तथा अन्य सभी शिक्षकों के साथ छात्र-छात्राओं से भी पूछताछ की गई। तथा प्राचार्यको निलंबन करने का प्रस्ताव भेजा गया है।

उसके बाद कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना ने नवमी तिथि दशहरा परदुरगा प्रतिमा विसर्जन को लेकर कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना, अनुविभागीय अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह तहसीलदार वैभव बैरागी मुख्य करपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं सभी अधिकारी-कर्मचारी तथा मंगलवार थाना प्रभारी गिरीश तपाठी सांडियाचोकी प्रभारी सहित अन्य सभी शामिल हुए। सरपंच राम जी दीक्षित सचिव अभिषेक पाण्डेय सहित अन्य सभी शामिल हुए।

# सेमरी हरचंद में नरवाई बचाने के लिए प्रेरणादाई खेत पाठशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद




समीपस्थ ग्रामपंचायत जमुनिया के पंचायत सभागार में सरकार द्वारा खेत की नरवाई जलने से बचाने के लिए नरवाई प्रबंधन हेतु खेत पाठशाला का आयोजन किया गया जिसमें कृषि विस्तार अधिकारी महेंद्र पवार ने उपस्थित किसानों को नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान के संबंध में बताया कि खेतों की नरवाई जलाने से खेत में फसल के पोषक तत्व एवं फसल उत्पादन बढ़ाने में सहायक जीव नष्ट हो जाते हैं।उन्होंने यह बताया कि किसान अपने खेत का मिट्टी परीक्षण अवश्य कराएं जिससे खेत मे होने वाली फसल को किस खाद की आवश्यकता है उसकी जानकारी मिल सके एवं किसान पेस्टिसाइड्स का उपयोग कम से कम करें और कम से कम अपने परिवार में उपयोगहोने वाले अनाजक लिए जैविक खेती करें किसान खेत पाठशाला में पटवारी प्रियंका अवस्थी ग्राम पंचायत सहायक सचिव वीरेंद्र मालवीय ग्राम रक्षक नरेश मेहरा अफरोज रावर्ट एवं किसान उपस्थित थे।

# रावण ने कर लिया सीता हरण जटायु ने सबल से किया युद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



श्रीराम नाट्य समिति सोहागपुर द्वारा प्रतिदिन रामलीला मंच पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचन्द्र की लीलाओं का मंचन स्थानीय कलाकारों के सहयोग से किया जा रहा है। जिसमें रविवार रात खर दूषण वध व सीता हरण की लीला की गई। लीला मंचन में सर्वप्रथम जयंत ने काग रुप में कुटिलता से माता जानकी के चरणों में चोंच से प्रहार किया। तब भगवान राम ने बाण छोड़ा तो जयंत अपने वास्तविक रूप में आकर बाण से बचने अपने पिता इंद्र के समीप पहुंचा। लेकिन इंद्र ने जयंत को राम विरोधी जानकर नहीं रखा।

तब निराश जयंत ब्रह्म लोक व शिवलोक भी पहुंचा, लेकिन किसी ने उसे आश्रय नहीं दिया। तब जयंत को नारद जी ने कहा कि श्री रामजी के ही शरणागत होकर करुण पुकार करोगे, तो भगवान तुम्हें क्षमा कर देंगे। तब जयंत ने वन पहुंचकर श्रीराम के चरण पकड़ लिए। तो भगवान राम ने जयंत की आंख अपने बाण से फोड़ दी।

# सिवनी मालवा में हुई आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान अंतर्गत नगर मंडल कार्यशाला संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा



आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत गत दिवस सिवनी मालवा नगर मंडल की कार्यशाला का आयोजन सरदार पटेल मांगलिक भवन में संपन्न हुआ। इसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष नीरज तिवारी ने की।

कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए नीरज तिवारी ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ता शक्ति केंद्र से लेकर बूथ स्तर तक "वोकल फॉर लोकल" के संकल्प को साकार करने हेतु कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि हम सबको स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करना चाहिए तथा समाज में स्वदेशी के प्रति जागरूकता लानी होगी।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता नर्मदापुरम जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को प्रत्येक कार्यकर्ता को आत्मसात करना होगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को स्वदेशी वस्तुएं अपनाने एवं दूसरों को भी प्रेरित करने का संकल्प दिलाया।


कार्यक्रम में नवनिर्वाचित नर्मदापुरम जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे, जिनमें जिला उपाध्यक्ष राजेश गौर, जिला मंत्री जितेन्द्र चौहान, पूर्व जिला महामंत्री रघुवीर राजपूत, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष जानू मोहम्मद मंसूरी, जिला एनजीओ प्रकोष्ठ संयोजक डॉ. विक्रम रघुवंशी आदि मौजूद रहे।

### देवी पंडालों में सजी आकर्षक झांकियां बनी भक्तों के आकर्षण का केंद्र

# मां भगवती की आराधना में लीन हुआ नर्मदांचल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

समीपस्थ ग्राम जमुनिया मैं स्टेशन रोड पर शिव शक्ति नवदुर्गा उत्सव समिति जमुनिया द्वारा आज अष्टमी के पावन पर्व पर महा आरती का आयोजन किया जावेगा एवं मां जगत जननी के दरबार को फूलों से सजाकर समस्त ग्राम वासियोंद्वारा अपने हाथों से मां दुर्गा की जावेगी एवं रात्रिमें भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा जिसमें क्षेत्र के प्रसिद्ध भजन मंडलों द्वारा माता की भेंटें ग्राम वासियों को सुनाई जाएगी। विदित हो कि नर्मदांचल में मां भगवती की आराधना जोरशोर से जारी है। पंडालों में लाइटिंग और साजसज्जा आकर्षण का केन्द्र बनी हुई हैं।



## विशाल शिव रूपी पंडाल में विराजमान है माता महाकाली

**पचमढ़ी।** जहां नवरात्र में एक से बढ़कर एक दुर्गा पंडालों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया है वहीं एक पंडाल जिसमें भगवान शिव की विशाल पर्यमा बनाई गयी है सभी को अपनी ओर खींच रही है।पचमढ़ी में कई जगहों पर सुंदर और अनोखे पंडाल बनाए गए हैं, जो माँ दुर्गा की मूर्तियों के साथ-साथ अपनी खास सजावट और थीम के लिए जाने जाते हैं। पचमढ़ी में प्रसिद्ध है प्राचीन अंबा माई मंदिर - यहाँ का सबसे प्रसिद्ध दुर्गा मंदिर अंबा माई मंदिर हैअंबा माई मंदिरः यह मंदिर पचमढ़ी-पिपरिया रोड पर स्थित है और इसे यहाँ का एक प्रमुख धार्मिक स्थल माना जाता है।मंदिर अपनी प्राचीनता और आस्था के लिए प्रसिद्ध है। नवरात्रि के दौरान यहाँ भक्तों की भारी भीड़ रहती है।का शांत वातावरण और सुंदर दृश्य भक्तों को खूब पसंद आता है।मंदिर की वास्तुकला बहुत ही साधारण सुन्दर है, लेकिन इसका शांत और आध्यात्मिक वातावरण इसे खास बनाता है। यह एक पहाड़ी पर स्थित है, जिसके चारों ओर हरे-भरे पेड़ और प्राकृतिक सुंदरता बिखरी हुई है। यहाँ की प्राकृतिक छटा भक्तों को बहुत आकर्षित करती है। शहर के विभिन्न पंडालः शहर के भीतर और आसपास कई छोटे-बड़े पंडाल लगाए जाते हैं, जहाँ हर साल अलग-अलग थीम पर काम किया जाता है। ये पंडाल रोशनी और फूलों से सजाए जाते हैं, जो शाम के समय बेहद मनमोहक लगते हैं। पचमढ़ी में जगन्नाथ रथ आईफिल टावर शिव मूर्ति जैसे अनोखे दुर्गा पंडाल बनाए गए हैं।



## धार्मिक उल्लास और पारंपरिक गरिमा के साथ हुआ सखी मंच का गरबा उत्सव

**सिवनी मालवा।** सरस्वती परिसर के प्रांगण में सखी मंच के तत्वावधान में गरबा उत्सव 2025 का भव्य आयोजन बरसते पानी के बीच बड़े ही धार्मिक उल्लास और पारंपरिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में श्रद्धा, संस्कृति और उमंग का संगम देखने को मिला। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. नितेश जैन, डॉ. मनोज सोनी, श्री शैलेंद्र गौर, डॉ. रूपेश तलामपुरिया, श्री धर्मेंद्र पटेल (संचालक, उड़ान पब्लिक स्कूल शिवपुर) तथा श्रीकांत पटवा उपस्थित रहे।

**प्रारुप-28**
**नियम 91 (1) (क) (ii)**
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना का प्रारुप**
**मध्यप्रदेश शासन**
**कार्यालय नगर परिषद सोहागपुर, जिला नर्मदापुरम् (म.प्र.)**

एन.आइ.टी. संख्या. 2070/ई-टेण्डरिंग — दिनांक 29.09.2025

निम्नलिखित निर्माण के लिए निविदा मानदंडो को पूरा करने वाले दुकानदार/और ख्याति प्राप्त फर्म्स से आनलाईन बोली आमंत्रित है :-

| निविदा क्र. | निविदा क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | अमानत राशि | दुकान क्रय करने का दिन | निविदा प्रपत्र की कीमत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 |
| 2025_UAD_455159 | प्रथम आमंत्रण | नगर परिषद कार्यालय, मेन बाजार की यथास्थिति में 01 दुकान क्रमांक-13 क्षेत्रफल (25.4x10) की नीलामी | 950000.00 | 30000.00 | 30 दिन | 2000.00 |

शर्ते-
1. बोली दस्तावेज सार्वजनिक अवकाश को छोडकर सरल क्र.1 के कार्य हेतु 5:00 (समय) 29.09.2025 दिनांक से 5:30 (समय) 27.10.2025 तक आनलाईन क्रय किये जा सकते है।
2. एन.आई.टी.में संशोधन यदि कोई होता है, तो केवल वेबसाईट पर प्रकाशित किया जाएगा और समाचार पत्र में नहीं।
3. किसी भी स्पष्टीकरण की आवश्यकता हो, तो कृपया श्री संजय परसाई प्रभारी राजस्य निरीक्षक 9329837904 से सम्पर्क करें।

**अध्यक्ष**
**नगर परिषद सोहागपुर**

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद सोहागपुर**

## खबर संक्षेप




### हिंदी पखवाड़ा के समापन में शामिल हुए उईके

**हरदा।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, चारुवा में राजभाषा हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भारत सरकार के अनुसूचित जनजाति कार्य विभाग के केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके ने सम्मिलित होकर निबंध लेखन, कविता पाठ एवं हिंदी की विभिन्न गतिविधियों में सम्मिलित हुए बच्चों को पुरस्कार वितरण किया। इस अवसर पर पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल, जिलाध्यक्ष भाजपा राजेश वर्मा, पूर्व विधायक टिमरनी संजय शाह, प्राचार्य पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय श्री झोड सहित अन्य जनप्रतिनिधि व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री उइके ने कहा कि छात्रों, शिक्षकों और सभी विद्यालय परिवार के साथ इस गरिमामयी आयोजन का हिस्सा बनकर अत्यंत हर्ष हुआ। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत रचनात्मक गतिविधियाँ निबंध लेखन, कविता पाठ, स्व-रचित कहानियाँ व अन्य भाषायी प्रतियोगिताएं अत्यंत सराहनीय रहीं। बच्चों में हिंदी भाषा के प्रति जो उत्साह और रचनात्मकता देखने को मिली, वह प्रशंसनीय है।

### आज से 2 अक्टूबर तक नीलामी कार्य बंद

**हरदा।** सचिव कृषि उपज मंडी हरदा ने बताया कि 30 सितम्बर मंगलवार को महाष्टमी का स्थानीय अवकाश तथा 1 अक्टूबर को दुर्गानवमी व 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी जयंती होने के कारण मण्डी प्रांगण हरदा में नीलामी कार्य बंद रहेगा। उन्होने किसानों से अनुरोध किया है कि किसान भाई 30 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक मण्डी प्रांगण में अपनी कृषि उपज विक्रय के लिये नही लावें।

### हांडीकुंडी स्पॉट पर दसवीं के छात्र की डूबने से मौत

**खंडवा।** हांडीकुंडी पिकनिक स्पॉट पर रविवार को दोस्तों के साथ घूमने गए एक छात्र की नदी में डूबने से मौत हो गई। गुलमोहर कॉलोनी निवासी 16 वर्षीय अल्फेज पिता शकील अपने दोस्तों के साथ अमलपुरा के पास हांडीकुंडी पर पिकनिक मनाने गया था। इस दौरान सभी दोस्त नहाने के लिए नदी में उतरे। अचानक अल्फेज गहरे पानी में चला गया और डूब गया। दोस्तों ने शोर मचाया तो आसपास के लोग मदद के लिए पहुंचे। सूचना मिलते ही जावर पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची और किशोर को बाहर निकालकर जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अल्फेज की मौत की खबर लगते ही जिला अस्पताल में लोगों की भीड़ लग गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सोमवार सुबह पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। परिजनों ने बताया कि अल्फेज दसवीं का छात्र था। रविवार की छुट्टी होने पर वह अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गया था, जहां हादसे का शिकार हो गया। घटना से परिवार और क्षेत्र में मातम का माहौल है।

### पांच दिवसीय प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण संपन्न



**हरदा।** कृषि विज्ञान केन्द्र में प्राकृतिक खेती के संबंध में पांच दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत, उपसंचालक कृषि जवाहर कास्दे, सहायक संचालक कृषि अखिलेश पटेल एवं जिले के मास्टर ट्रेनर जय नारायण राय ग्राम नयापुरा उपस्थित थे। प्रशिक्षण में केंद्र के वैज्ञानिक जाग्रति बोरकर, डॉ. ओम प्रकाश भारती, रूपचंद जाटव, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी पुष्पा झरिया एवं डॉ मुकेश कुमार बंकोलिया ने कृषि सखियों को जीवामृत धन जीव अमृत आदि बनाना सिखाया।

---

खिरकिया के निजी स्कूल में आयोजित किया गया राज्य स्तरीय कार्यक्रम

# अगले शैक्षणिक सत्र से प्राइवेट स्कूल के छात्रों को मिलेंगी सस्ती किताबें: मुख्यमंत्री

■ आशापुर-हरदा मार्ग निर्माण की घोषणा की ■ मांदला मुहाल रोड़ के पुल पर मार्ग का चौड़ीकरण होगा







हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा/खिरकिया

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के निजी स्कूलों में पढ़ने वाले हर चौथे बच्चे को शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत स्कूल फीस की प्रतिपूर्ति की जा रही है। उन्होने कहा कि विद्यार्थियों से अपेक्षा है कि वे बेहतर अध्ययन कर अपने उन्नत भविष्य को गढ़ें। मुख्यमंत्री ने कहा कि भावान्तर योजना से किसानों को उनकी सोयाबीन फसल का पूरा दाम मिलेगा। अब किसी किसान को सोयाबीन बेचने में नुकसान नहीं होगा। उन्होने कहा कि अगले शैक्षणिक सत्र से निजी स्कूल के विद्यार्थियों को कम कीमत पर किताबें उपलब्ध कराई जाएगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 71 कि.मी. लम्बे आशापुर-हरदा मार्ग निर्माण एवं मांदला मुहाल रोड़ के पुल पर मार्ग चौड़ीकरण कराने की भी घोषणा की है।डॉ. यादव ने सोमवार को जिले के खिरकिया के एक निजी स्कूल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में आरटीई के तहत प्रदेश के निजी स्कूलों में प्रवेशित 8 लाख 45 हजार बच्चों की सिंगल क्लिक में 489 करोड़ की राशि अंतरित की। इस अवसर पर केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके, स्कूल शिक्षा एवं परिवहन विभाग मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह, विधायक हरदा डॉ. आर.के. दोगने, पूर्व मंत्री कमल पटेल, पूर्व विधायक टिमरनी संजय शाह, जिलाध्यक्ष भाजपा राजेश वर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आगे कहा कि प्रदेश सरकार निजी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की फीस की प्रतिपूर्ति के साथ-साथ सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के लिये भी कई तरह की सुविधाएं उपलब्ध करा रही है, जिसमें लेपटॉप, स्कूटी, साइकिल एवं निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें जैसी सुविधाएं शामिल है। उन्होने कहा कि देश के साथ प्रदेश भी तेज गति से आगे बढ़ रहा है। हम लाड़ली बहनों को प्रतिमाह 1250 रूपये प्रतिमाह की राशि देकर उनका सम्मान कर रहे हैं। भावांतर योजना के तहत किसानों को सोयाबीन फसल का सही दाम मिले, इसके लिये अंतर की राशि उनके बैंक खातों में कराने की व्यवस्था की गई है। एयर एम्बुलेंस की सुविधा से प्रदेश में आयुष्मान कार्ड धारी हितग्राहियों को घायल व बीमार होने की दशा में तत्काल हवाई जहाज अथवा हेलीकॉप्टर से उपचार हेतु बड़े अस्पताल में ले जाने की निःशुल्क व्यवस्था की गई है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव के हरदा आगमन पर जनजातीय कलाकारों ने पारंपरिक रीति-रिवाज़ों और लोक-संस्कृति के साथ आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रत्येक कलाकार को 5-5 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की घोषणा की।

#### सुगमता से बच्चों को शिक्षा प्रदान कर सकेंगे

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय राज्य मंत्री जनजातीय कार्य विभाग डी.डी. उइके ने कहा कि आरटीई के तहत सिंगल क्लिक में फीस की प्रतिपूर्ति सरकार की नई सोच एवं नई व्यवस्था है। इससे छात्र-छात्राओं को शिक्षा प्राप्त करने में सुविधा तो होगी ही साथ ही निजी स्कूल भी सुगमता से बच्चों को शिक्षा प्रदान कर सकेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केन्द्रीय राज्यमंत्री डीडी उइके, स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री कमल पटेल के साथ एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधा लगाया।

#### सरकार नई शिक्षा नीति का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन कर रही

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार नई शिक्षा नीति का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन करने की सोच के साथ शिक्षा के क्षेत्र में विकास का कार्य कर रही है। शिक्षा के अधिकार अधिनियम से अभिभावकों को अपने बच्चों को निजी स्कूल में पढ़ाने में आ रही आर्थिक परेशानी दूर की है। उन्होने कहा कि भावान्तर योजना किसानों के हित में सरकार का महत्वपूर्ण कदम है। आगामी शैक्षणिक सत्र से प्रदेश के निजी स्कूलों में सस्ती दर पर पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएंगी।

#### सड़क एवं बिजली हर क्षेत्र में अग्रणी है जिला

इस अवसर पर स्वागत भाषण देते हुए पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल ने कहा कि हरदा जिला सिंचाई से लेकर पीने के पानी, सड़क एवं बिजली हर क्षेत्र में अग्रणी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में हम हर क्षेत्र में विकास करने के लिये कटिबद्ध है। कार्यक्रम के अंत में जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह ने आभार प्रकट किया।

#### 1851.04 लाख के कार्यों का हुआ भूमि पूजन



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खिरकिया में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में 1851.04 लाख रूपये के कुल 5 कार्यों का भूमि पूजन किया। इस दौरान उन्होने 130.70 लाख रूपये की लागत से निर्मित होने वाले हाई स्कूल भवन कायदा में 4 क्लास रूम तथा 3 प्रयोगशाला, 404 लाख रूपये की लागत से निर्मित होने वाले महाविद्यालयीन बालक छात्रावास टिमरनी, 265 लाख रूपये की लागत से बनने वाले नवीन 33/11 केव्ही 5 एमव्हीए खामापड़वा उपकेन्द्र, 525.67 लाख रूपये की लागत से बनने वाले नवीन जनपद पंचायत भवन टिमरनी तथा 525.67 लाख रूपये की लागत से बनने वाले नवीन जनपद पंचायत भवन खिरकिया का भूमि पूजन किया।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में 306.80 लाख रूपये से निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र धनवाडा मय 1 जी टाइप और 1 एच टाइप आवास गृह तथा 266 लाख रूपये की लागत से निर्मित नवीन 33/11 केव्ही 5 एमव्हीए भवरास उपकेन्द्र का लोकार्पण भी किया।

#### शोक संवेदना प्रकट की

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्राम बावड़िया में राजेंद्र सिंह राजपूत के निवास पर पहुँचकर उनके पिता स्वर्गीय दयाराम राजपूत के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने और शोक संतप्त परिवार को दुख की इस घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

#### कांग्रेस नेताओं को किया गिरफ्तार

खिरकिया में सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कार्यक्रम से पहले कांग्रेस और किसान नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। कांग्रेस और किसान मोर्चा के पदाधिकारी मुख्यमंत्री को ज्ञापन देना चाहते थे। उनकी मुख्य मांगों में सोयाबीन फसल का सर्वे कराकर मुआवजा देना, बीमा विसंगतियां दूर करना, ग्रीष्मकालीन मूंग बेचने वाले किसानों का भुगतान करना और सोयाबीन-मक्का की खरीदी समर्थन मूल्य पर करना शामिल था। कांग्रेसियों को गांव के पास से ही उठा लिया मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से पहले ही पुलिस ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहन विश्नोई सहित दो दर्जन कार्यकर्ताओं को ग्राम चारुवा के पास से पकड़ लिया। सभी को थाने ले जाया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहन विश्नोई ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री किसानों की समस्याओं को सुनने के बजाय तानाशाही रवैया अपना रहे हैं।

---

सीएमएचओ को निर्देश दिए

## ग्रामीण क्षेत्रों में मरीजों को ई-संजीवनी सुविधा उपलब्ध कराई जाना चाहिए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्र के शासकीय अस्पतालों में आने वाले मरीजों को ई-संजीवनी सुविधा के माध्यम से विशेषज्ञ चिकित्सकों का मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने इस सुविधा का व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर भी जोर दिया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ नागार्जुन बी. गौड़ा, नवागत अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा, सहायक कलेक्टर श्रीकृष्ण सुशिर और अपर कलेक्टर के.आर. बडोले मौजूद रहे। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें और विभागीय ग्रेड तथा प्रदेश स्तरीय रैंक सुधारें। उन्होंने स्पष्ट किया कि बार-बार निर्देशों के बावजूद जिन अधिकारियों की ग्रेड में सुधार नहीं होगा, उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जनपद पंचायत सीईओ को ग्रामीण क्षेत्रों में जलकर वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जल जीवन मिशन की पेयजल योजनाओं के संचालन और संधारण के लिए जलकर वसूली अति आवश्यक है। साथ ही वर्षा समाप्ति पर नदी-नालों पर बोरीबंधान संरचनाएं बनाने को भी जरूरी बताया।

#### रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य रूप से लगाएं

कलेक्टर ने अधिकारियों और कर्मचारियों के आवासों सहित कार्यालय भवनों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिए। इसके अलावा पेट्रोल पंप, उचित मूल्य की दुकानें, होटल-रेस्टोरेंट, मेडिकल स्टोर और प्राइवेट क्लीनिक की छतों पर भी यह सिस्टम लगवाने के आदेश दिए। महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देश दिए गए कि पोषण पुनर्वास केंद्रों में कोई भी पलंग खाली न रहे और कुपोषित बच्चों को वहां उपचार हेतु भर्ती करवाया जाए। विभाग को सुकन्या समृद्धि योजना के तहत पात्र बालिकाओं के खाते पोस्ट ऑफिस में खुलवाने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को अपने कार्यालयों में ई-ऑफिस सिस्टम लागू करने और कलेक्ट्रेट सहित वरिष्ठ कार्यालयों को फाइलें केवल इसी माध्यम से भेजने के निर्देश दिए।

---

## जिला जेल में 157 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया

बंदियों को आवश्यक परामर्श व दवाइयां दी गईं



**खंडवा।** शहीद जननायक टंट्या भील जिला जेल परिसर खंडवा में स्वास्थ्य जांच एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जिला चिकित्सालय खंडवा के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और उन्हें आवश्यक परामर्श व दवाइयां दी। सिविल सर्जन डॉ. अनिरुद्ध कौशल ने बताया कि शिविर में सर्जरी रोग विशेषज्ञ डॉ. एम.एल. कलमे, मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. दीपशिखा इवने, मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. संजय इंगले, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. धर्मेंद्र पाटिल, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपाली, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. सुजीत वर्मा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. शिक्षा और नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ डॉ. नरेंद्र द्वारा सेवाएं दी गईं। नर्सिंग ऑफिसर राम सिंह रावत सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारियों ने भी सहयोग किया। जेल अधीक्षक अदिति चतुर्वेदी के समन्वय से 14 महिला और 143 पुरुष बंदियों सहित कुल 157 बंदियों की स्क्रीनिंग की गई। जेल प्रशासन के सहयोग से शिविर का सफल संचालन संपन्न हुआ।

---

हृदय रोगों से बचाव हेतु जागरूकता बढ़ाने का उद्देश्य

## विश्व हृदय दिवस पर बच्चों का किया विशेष परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



हृदय रोगों से बचाव हेतु जागरूकता बढाने के उद्देश्य से हृदय दिवस मनाया जाता है। विश्व हार्ट फेडेरेशन और विश्व स्वास्थ्य संगठन के द्वारा वैश्विक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि सोमवार को विश्व हृदय दिवस के अवसर पर जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र हरदा में चिन्हित बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई। डॉ. सिंह ने बताया कि हृदय रोग संपूर्ण दुनिया में होने वाली मृत्यु का प्रमुख कारण है। स्वस्थ जीवन शैली, सही आहार, शारीरिक गतिविधियॉ और धूम्रपान से दूर रहकर हृदय रोगों से बचाव किया जा सकता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत 18 वर्ष तक के बच्चों में हृदय रोग पाए जाने पर उसका निःशुल्क उपचार कराया जाता है। प्रदेश के बड़े चिन्हित निजी चिकित्सालयों में हृदय रोग की सर्जरी करवाई जाती है।

---

विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

## छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण व जैव विविधता पर दिए संदेश



**खंडवा।** सांदीपनि विद्यालय में ईको क्लब के अंतर्गत विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने आकर्षक मॉडल और चार्ट बनाकर पर्यावरण संरक्षण एवं जैव विविधता के साथ-साथ विज्ञान से जुड़े विभिन्न विषयों पर संदेश दिए। प्रदर्शनी का अवलोकन विकासखंड शिक्षा अधिकारी जयेश पाटीदार और वरिष्ठ राजेश तिवारी ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता की सराहना की। प्रदर्शनी की संयोजक शिक्षिका प्रियंका राठौड़ रहीं। उनके साथ माधुरी खेड़े, गायत्री चौहान और हेमलता रावल के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने सुंदर मॉडल और चित्र तैयार किए। प्रदर्शनी में लगभग 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर शिक्षक प्रतीक जैन, लोकेन्द्र मोरे और अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

---

आतिशबाजी की और मिठाइयां बांटकर देशभक्ति के नारे लगाए

## शहीद भगत सिंह की 118वीं जयंती पर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा




वीर शहीद भगत सिंह की 118वीं जयंती पर क्षेत्रवासियों ने भगतसिंह चौक पर बड़े हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर आतिशबाजी की गई और मिठाइयां बांटकर देशभक्ति के नारों शहीद भगत सिंह जिंदाबाद, भारत माता की जय, वंदे मातरम के उद्घोष से वातावरण गूंज उठा। क्षेत्रवासियों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण और फोटो पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि शहीद भगत सिंह ने देश को आजाद कराने में महान साहस का परिचय दिया था और उनका जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा है।

#### अभिमन्यु अभियान की जानकारी दी

कार्यक्रम के दौरान मातृशक्ति के लिए खंडवा पुलिस प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अभिमन्यु अभियान की जानकारी महिला थाना प्रभारी ने क्षेत्रवासियों को दी और सहयोग का आग्रह किया। इस मौके पर शहीद भगत सिंह अमर रहे, इंकलाब जिंदाबाद के नारे भी लगाए गए। पूरे खंडवा शहर में एकमात्र भगत सिंह की घोड़े पर सवार प्रतिमा भगतसिंग चौक पर स्थापित है, जिसे सोनकर समाज ने बनवाया है। जयंती कार्यक्रम में सोनकर समाज के हुकुम वर्मा, जितेन्द्र वर्मा, अप्पू वर्मा, गब्बर वर्मा, आकाश ठाकुर, गौरव वर्मा, बादल ठाकुर, ध्रुव वर्मा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।